## एक नजर में



### महान शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर महान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर विजय दिवस मनाया गया। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर कल्पना सिंह ने बताया कि सन् 1999 के कारगिल वार में हमारे देश के सैन्य जवानों ने अपनी प्राणों की परवाह न करते हुए देश की रक्षा के लिए पूरी शक्ति से दुश्मनों का सामना किया और देश को विजय दिलाई। इस युद्ध में हमारे देश के वीर जवानों कैप्टन मनोज कुमार पांडे, कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन अमोल कालिया, लेफ्टिनेंट बलवान सिंह से लेकर ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव और नायक दिगेंद्र कुमार समेत कई वीर कारगिल के ऐसे 'हीरो' थे, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की। जिन्हें देश भूल नहीं सकता है। यहाँ उपस्थित सभी एन सी सी के कैडेट्स को शहीद वीरों से सीख लेना चाहिए और प्रेरित होकर देशसेवा के लिए आगे बढ़ना चाहिए। आज एनसीसी विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहा है, सभी कैडेट्स को इसमें बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. अल्पना उपाध्याय ने अपने संबोधन में बताया कि युद्ध वीरों के हौसले की परीक्षा है, करगिल ने सिखाया कि भारत मां के सपूत हर बलिदान को तैयार हैं। आयोजन के संयोजक मेजर डॉ. मोहन निमोले ने कैडेट्स को बताया कि कारगिल विजय दिवस भारत में हर वर्ष 26 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिन 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच लड़े गए कारगिल युद्ध में भारत की जीत की स्मृति में मनाया जाता है। कठिन पर्वतीय परिस्थितियों और प्रतिकूल मौसम में भारतीय जवानों ने वीरता और बलिदान का परिचय दिया। यह दिन भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और देशभक्ति को सम्मानित करने का दिन है। आज पूरा देश ऐतिहासिक जीत के नायक रहे भारतीय सेना के वीर जवानों की वीरता और बलिदान को सलाम कर रहा है। कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रम अंतर्गत कैडेट्स द्वारा ड्राइंग एंड पेंटिंग के माध्यम से विजय दिवस की स्मृतियों को रेखांकित कर कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. जी.एल. खगोड़े, शोधार्थी मनीष रावत सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नवकार सेवा संस्थान ने की सामूहिक सामायिक



**उज्जैन।** नवकार सेवा संस्थान द्वारा सामूहिक सामायिक का आयोजन विदुषी डॉ नीलांजना श्रीजी म.सा. आदि साध्वी वृन्द की पावन निश्रा मे किया गया। जिसमें उज्जैन शहर के 20 महिला मंडल शामिल हुए।सभी मंडलो का बहुमान किया गया। सबसे अधिक सदस्यो की उपस्थिती वाले मनोहर इन्दु महिला मंडल और वर्धमान स्थानक वासी बहुमंडल नमकमंडी का विशेष बहुमान किया गया। संचालन श्वेता चौपड़ा और सारिका मारू ने किया। सचिव हेमा दलाल ने आभार व्यक्त किया। संस्था अध्यक्ष सीमा दुग्गड ने बताया कि कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष श्वेता भण्डारी, सरिता रत्नबोहरा, आशा पालरेचा, कुसुम जैन, अंजु मनोज सुराना, बिन्दु डागा, रानी कटारिया, संगीता नाहर, राजप्रभा जैन, शीला श्रीमाल, आभा बॉठीया, आभा गुप्ता, अनिता मेहता, मंजुला लुणावत, संगीता गादिया आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

### हरियाली अमावस्या पर कुश्ती आयोजन संपन्न



**उज्जैन।** अच्युतानंद प्रसादिक जीवाजी राव व्यायाम शाला भागसीपुरा में हरियाली अमावस्या पर बालक बालिकाओं द्वारा धानी मुक्का की परंपरा का निर्वाह करते हुए कुश्ती का आयोजन किया गया उक्त जानकारी देते हुए विनोद चौरसिया ने बताया कि 108 वर्ष पुरानी संस्था में पारंपरिक कार्यक्रम धानी मुक्का एवं कुश्ती का प्रदर्शन आयोजित किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय विपट ने की अपने उद्बोधन में श्री विपट ने कहा कि वर्षा ऋतु में एक पौधा मां के नाम लगाये पौधारोपण के लिए सभी को प्रेरित करे वरिष्ठ योगाचार्य यशवंत गुमास्ते ने कहा कि वर्षा ऋतु में सभी को प्रतिदिन सूर्य नमस्कार एवं व्यायाम करना चाहिए स्वागतभाषण प्रधानअध्यापक महेंद्र जैन दिया इस अवसर पर गौरव मोढ़, अभय सेन,उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन नितिन जोशी ने किया आभार कशिश खींची ने व्यक्त किया

### अकादमी में हुआ हास्य कवि सम्मेलन

**उज्जैन।** कालिदास अकादमी में जैन कवि संगम तथा रुद्राक्ष होम स्टे के संयुक्त तत्वावधान में सारथी परिवार द्वारा हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कवि सम्मेलन में मुकेश शांडिल्य टिमरनी, विकास बैरागी नरसिंहपुर, पंडित अशोक नागर शाजापुर, निशा पंडित उज्जैन, वेद पस्तोर टीकमगढ़, सुगनचंद जैन उज्जैन, राजेंद्र जैन कनासिया, राहुल शर्मा शाजापुर, मोहन गोस्वामी मोमन बड़ोदिया तथा अमित जैन उज्जैन ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि अशोक भाटी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सारथी परिवार के संचालक मफतलाल अग्रवाल रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ पर सभी अतिथियों ने एवं कवियों ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण किया। सरस्वती वंदना निशा पंडित ने की। सभी उपस्थित कवियों का सारथी परिवार की ओर से अभिनंदन किया गया। कवि सम्मेलन का संचालन प्रसिद्ध हास्य कवि पंडित अशोक नागर शाजापुर ने किया। आभार सारथी परिवार के संचालक मफतलाल अग्रवाल ने व्यक्त किया।

### रोप चैम्पियनशिप के लिए हर्ष जापान रवाना

**उज्जैन।** जापान में 26 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित वर्ल्ड जम्प रोप चैम्पियनशिप के लिए उज्जैन के हर्ष कुमावत दिल्ली से इंडिया टीम के साथ रवाना हुए। उक्त प्रतियोगिता में 80 से अधिक देशों के 3500 खिलाड़ी शामिल होंगे। भारत से 40 खिलाड़ी शामिल हुए। हर्ष कुमावत अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12वीं का छात्र है और पिछले 4 वर्षों से जम्प रोप खेल रहे हैं। हर्ष ने राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते साथ ही शहर का गौरव बढ़ाया। तरणताल पर हर्ष नियमित अभ्यास करते है। हर्ष के रवाना होने से पूर्व डॉ. सतिंदर कौर सलुजा, अक्षत इंटरनेशनल के चेयरमेन आनंद पंड्या, डायरेक्टर राहुल पंड्या, सरोज वागले मैनेजिंग डायरेक्टर ने रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया। म.प्र. जम्प रोप एसोसिएशन के सचिव मुकुंद झाला, सीईओ अबरार अहमद शेख, पूर्वा झाला एवं कुलदीप सिसौदिया ने हर्ष को बेस्ट ऑफ लक कहा।

# भाजपा की नगर कार्यकारिणी बनकर तैयार, नेताओं को घोषणा का इंतजार

## अध्यक्ष अग्रवाल ने लिस्ट बनाकर मुख्यमंत्री को सौंपी, जल्द होगी भोपाल से उज्जैन पदाधिकारियों की घोषणा, सात महिलाओं को भी मौका

**उज्जैन। भरी बरसात में राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। भारतीय जनता पार्टी में नगर पदाधिकारी की घोषणा की जाना है। इसके लिए सूची बनाकर तैयार हो चुकी है और मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपी जा चुकी है। जल्द ही नए पदाधिकारियों की घोषणा हो जाएगी और टीम संजय अग्रवाल बनकर तैयार होगी।**





भारतीय जनता पार्टी कैडर पास पार्टी है। 24 घंटे चुनावी मोड में रहती है, लगातार पार्टी और संगठन के आयोजन होते रहते हैं। धरना प्रदर्शन आंदोलन से लेकर दिवंगत नेताओं के जन्मदिन पुण्यतिथि से लेकर राष्ट्रीय और प्रादेशिक आयोजनों में हजारों नेता कार्यकर्ता शामिल होते हैं। इन नेता व कार्यकर्ताओं को भी समय-समय पर पद देकर उपक्रम किया जाता है। नवभारत से चर्चा में भाजपा नेताओं ने बताया कि नगर कार्यकारिणी जो बनाई जाना है। उसकी लिस्ट तैयार हो चुकी है और नाम भोपाल पहुंचा दिए गए हैं। आधा दर्जन महिलाओं को नई बीजेपी की कार्यकारिणी में मौका दिया जाएगा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लगातार लाडली बहनों से संवाद स्थापित कर रहे हैं। रक्षाबंधन पर अतिरिक्त 250 की राशि खाते में भेजेंगे, यही कारण है कि महिलाओं का सरकार में भी अच्छा खासा दखल है। उज्जैन में कई नेताओं ने रसूखदार बड़े नेताओं के माध्यम से अपनी बात जिम्मेदारों तक पहुंचाई है। कुछ कार्यकर्ता भी ऐसे हैं जो अहम पदों पर आसीन होने के लिए बेताब है। यही कारण है कि बड़े नेताओं ने भी अपने समर्थकों के लिए जोर आजमाइश की है और नगर भाजपा की नई बनने वाली कार्यकारिणी में एडजस्ट कराने के लिए जी तोड़ कोशिश की गई है।

सत्कार प्रभारी का पद भी अहम माना जा रहा है। जिस प्रकार से महाकाल मंदिर में लाखों दर्शनार्थ प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। ऐसे में प्रोटोकॉल के तहत आने वाले भाजपा के बड़े नेताओं को व बाहर से आये अतिथियों को दर्शन पूजन भस्म आरती करने की जिम्मेदारी सत्कार प्रभारी को रहेगी। दर्शन पूजन भस्म आरती की बुकिंग कराई जाने पर कई बार विवाद की स्थिति निर्मित भी होती है और कहीं तरह के आरोप भी लगते हैं। इसलिए साफ सुथरी छवि वाले नेता कार्यकर्ताओं को यह पद दिए जाने की तैयारी है।

### सिंहस्थ तक काम करेगी नई टीम

यूं तो उज्जैन में आठ वार और नौ त्योहार वाली कहावत चरितार्थ होती है। आए दिन धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक आयोजन होते रहते हैं। जिसमें भाजपा की अहम भूमिका होती है। नेता कार्यकर्ताओं को तत्पर रहना पड़ता है। महाकाल मंदिर में सावन भादो के आयोजनों से लेकर कावड़ यात्रियों की आवाजाही होती है, कुल मिलाकर सिंहस्थ 2028 तक भाजपा की यह नई कार्यकारिणी मैदानी तौर पर तत्पर रहकर कार्य करेगी। इसलिए चुन चुन कर ऐसे नेता-कार्यकर्ताओं को पद दिए जाएंगे, जो कि गंभीरता पूर्वक पार्टी की रीति नीति के तहत कार्य कर सकें और चुनाव में पार्टी संगठन को विजय दिलाए।

### इन नेताओं को शामिल करने की चर्चा

उज्जैन भाजपा नगर के कार्यकारिणी यूं तो ऊपर से ही तय की जाएगी। हालांकि स्थानीय स्तर पर इसका नाम का चयन किया गया है। जगदीश पांचाल, कमलेश बैरवा, आनंद खींची का नाम महामंत्री पद के लिए हो सकता है। विशाल शर्मा, साथ ही मुकेश यादव, उमेश सेंगर, धनंजय शर्मा, दिनेश जाटवा, हालांकि कुछ चौंकाने वाले नाम भी सामने आएंगे। मंडलों की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। पुरानी बीजेपी कार्यकारिणी में लगभग 35 अधिक पदाधिकारी को नियुक्त किया गया था, इस बार संख्या थोड़ी कम की गई है। विधायकों से लेकर तमाम भाजपा नेताओं ने अपने समर्थकों को नगर कार्यकारिणी में एडजस्ट करने के लिए काफी जोर आजमाइश की है।

### पहले से छोटी होगी कार्यकारिणी

पूर्व नगर अध्यक्ष विवेक जोशी के कार्यकाल में लगभग 37 पदाधिकारी नगर भारतीय जनता पार्टी की टीम में शामिल थे। इस बार छोटी कार्यकारिणी बनाई जा रही है। हालांकि अधिकतर चेहरे नए लिए जा रहे हैं। बावजूद इसके कुछ पुराने चेहरों को भी कार्यकारिणी में शामिल किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की नई कार्यकारिणी में 8 मंत्री, 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, एक मीडिया प्रभारी, एक कोषाध्यक्ष, एक कार्यालयीन मंत्री, एक सत्कार अधिकारी समेत अन्य पद पर नियुक्तियां होगी, बाकी नगर सदस्य बनाये जाएंगे। हालांकि सभी अपने स्तर पर जोड़तोड़ करने में जुटे हुए है कि कैसे भी करके पद मिल जाए।

# पत्नी के प्रेमी ने ही की थी हुकुम की हत्या

## 8 दिन पहले हुए मर्डर में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**उज्जैन।** नागदा के बिरलाग्राम थाना क्षेत्र में 18 जुलाई की रात घर में घुसकर दो नकाबपोश द्वारा युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। मृतक हुकुम की पत्नी के आरोपी से अवैध संबंध थे। उसे ये बात पति को पता चल चुकी थी जिसके कारण आरोपी ने अपने मित्र के साथ हत्या को अंजाम दिया और अगले दिन अंतिम संस्कार में भी शामिल हो गया था।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया हुकम की पत्नी आरती से आरोपी मनीष लंबे समय से लगातार फोन पर बातचीत करता था। दोनों के बीच घंटों तक बातें होती थीं। जब इस बात का आरती के पति हुकुम को पता चला तो दोनों में विवाद हुआ था। इसके बाद प्रेमी मनीष ने अपने दोस्त प्रदीप के साथ मिलकर एक खौफनाक साजिश रच डाली। पुलिस के अनुसार, 18 जुलाई की रात दोनों आरोपियों ने मिलकर धारदार हथियार से हुकुम पर 20 से 25 वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के अगले ही दिन मनीष ने खुद को निर्दोष साबित करने के लिए मृतक के परिजनों के साथ शोक व्यक्त करने भी पहुंचा था। पुलिस को पता चला कि मनीष और मृतक की पत्नी आरती के बीच लगातार बातचीत होती थी, संदेह होने पर मनीष को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने यह हत्या अपने दोस्त के साथ मिलकर रात 11.30 बजे चेहरा ढंककर, धारदार हथियार के साथ हुकुम के घर में घुसे, और हुकुम पर लोहे के बड़े से 20-25 बार हमला कर हत्या कर दी।

### पत्नी आरती भी संदेह के घेरे में

मृतक की पत्नी आरती ने पुलिस को दिए बयान में बताया था कि वारदात वाली रात वह कमरे में ही मौजूद थी। दोनों हमलावर चेहरे पर नकाब पहने हुए थे। उन्होंने आरती के चेहरे को कंबल से ढक दिया था, जिससे कारण वह हमलावरों को पहचान नहीं सकी थी। अब पुलिस को संदेह की इस घटना में आरती का भी हाथ हो सकता है।

### शराब पीने से रोका तो पत्नी को मारा पत्थर

उज्जैन। लेकोड़ा चिंतामण थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक महिला पर उसके पति ने जानलेवा हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार सावित्रीबाई पति मोहन मकवाना 32 वर्ष निवासी लेकोड़ा का पति मोहन शराब पीकर घर आया। सावित्री ने उसे शराब नहीं पीने और कोई काम-धंधा करने की समझाइश दी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी, जो धीरे-धीरे विवाद में बदल गई। गुस्से में आकर मोहन ने पास रखा पत्थर उठाकर सावित्री के सिर पर दे मारा जिससे वह घायल होकर गिर पड़ी। परिजन और पड़ोसियों की मदद से उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। घटना के समय घर में उनके दो छोटे बच्चे भी थे। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### चित्रगुप्त मंदिर के मुनीम की करंट से मौत

उज्जैन। चित्रगुप्त मंदिर में कार्यरत मुनीम की करंट लगने से मौत हो गई। जीवाजीगंज पुलिस ने बताया कि सुमित पिता भगवान सिंह तोमर 35 वर्ष, निवासी एमआईजी इंदिरानगर चित्रगुप्त मंदिर में मुनीम की नौकरी करता था। वह मंदिर में अपने कार्य के दौरान अचानक खुले तार की चपेट में आ गया, जिससे उसे जोरदार करंट लगा। मंदिर में मौजूद अन्य कर्मचारी सुमित को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीवाजीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमॉर्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। बारिश के दौरान करंट से काफी सतर्क रहना चाहिए और जहां तक हो, प्लास्टिक के जूते चप्पल पहनकर ही कार्य करना चाहिए नहीं तो अनहोनी होने का डर रहता है।

# देर आई दुरुस्त आई, बारिश ने की शहर से लेकर गांव की चिंता दूर

## पिछले 24 घंटे में जिले में औसत 15 मि.मी वर्षा दर्ज

**उज्जैन। चिंता सताने लगी थी कि गंभीर डेम में मात्र 18 दिन का पानी शेष बचा है। कैसे पेयजल की समस्या दूर होगी और कैसे नगर निगम 8 लाख जनता के लिए व्यवस्था कर पाएगा। सब कुछ महाकाल भगवान के भरोसे छोड़ दिया था, ऐसे में लगातार 24 घंटे तक जो बारिश हुई उसे चिंता दूर हो गई है, गंभीर डेम से लगाकर नदी नाले भर गए हैं।**

26 जुलाई को प्रातः 9 बजे प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 15 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, इसमे तहसील उज्जैन में 64.0 मिमी , महिदपुर में 34.0, झार्डा 20.0, तराना में 11.1 घट्टिया 4.0, माकड़ौन में 2.0 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। 01 जून 2025 से लेकर आज दिनांक तक जिले में औसत 266.2 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। तहसील उज्जैन में 376.0 मिमी, घट्टिया में 182.5 मिमी, खाचरोद में 315 मिमी , नागदा में 289.2 मिमी, बड़नगर में 258.0 मिमी, महिदपुर में 249 मिमी , झारडा में 357.4 मिमी, तराना में 289.6 मिमी, माकड़ौन में 80.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है ।01 जून 2025 से लेकर आज दिनांक तक जिले में औसत 266.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### गत वर्ष का यह आंकड़ा

गत वर्ष तहसील उज्जैन में 253 मिमी, घट्टिया में 255 मिमी, खाचरोद में 209.0 मि.मी , नागदा में 376.7 मिमी , बड़नगर में 299 मिमी, महिदपुर में 236 मिमी, झारडा में 316.2 मिमी, तराना में 319.9 मिमी, माकडौन में 386.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। गत वर्ष जिले में इस अवधि में 294.5 मि.मी वर्षा दर्ज की गई थी। शुक्रवार रात से शनिवार सुबह नो बजे तक ढाई इंच पानी उज्जैन में गिरा ,दिन में लगभग एक इंच पानी ओर गिरा रात से अभी तक उज्जैन शहर में 3.5 इंच के लगभग पानी गिरा है। शहर में पानी गिरने से जहां नालों में आए उफान से चहुंचोर बारिश का फैल गया और गंदगी समा गई। वहीं कुछ स्थानों पर निगम की जेसीबी से उसे साफ उसका समाधान भी किया गया।

# कतर में रहने वाले डॉक्टर दंपत्ति का गुम हुआ पर्स

## चिमनगंज मंडी पुलिस ने सक्रियता दिखलाई और चंद घंटों में वापिस दिलाया

**उज्जैन। निधि गायकवाड़, निवासी इंदिरा नगर उज्जैन हाल निवासी-कतर देश थाना चिमनगंज मंडी पर उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रातः लगभग 9.10 बजे के आसपास मोहन डेयरी, इंदिरा नगर क्षेत्र में उनका पर्स गुम हो गया है।**

फरियादी द्वारा बताए अनुसार उक्त पर्स में उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज 1500 नगद राशि, तीन सोने की अंगुठियां, एक चांदी की अंगूठी तथा एक चांदी का सिक्का रखा हुआ था।

उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतेश भार्गव के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुष्पा प्रजापति के नेतृत्व में थाना चिमनगंज मंडी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी द्वारा एक टीम गठित कर घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से जांच की गई, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति को उक्त पर्स उठाते हुए देखा गया। टीम द्वारा



तत्काल संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर उसे ट्रेस किया गया एवं पूछताछ में पर्स की जानकारी प्राप्त कर पुलिस टीम द्वारा पर्स को सुरक्षित रूप से बरामद कर लिया गया। बरामद पर्स में रखी संपूर्ण सामग्री यथास्थिति में सुरक्षित पाई गई, जिसे आवश्यक विधिक कार्रवाई उपरांत फरियादी श्रीमती निधि गायकवाड़ को सुपुर्द किया गया। सूचना प्राप्त होते ही त्वरित टीम गठित कर कार्रवाई की गई। घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर उसे ट्रेस किया गया। पर्स एवं उसमें रखी कीमती सामग्री सुरक्षित बरामद की गई। समस्त सामग्री की पुष्टि कर वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए फरियादी को सुपुर्द किया गया।

### जल भराव की समस्या का समाधान किया

उज्जैन। शुक्रवार शाम से शहर में बारिश का दौर प्रारंभ हुआ अत्यधिक वर्षा के कारण बेगम बाग स्थित बेगम बाग कॉलोनी एवं गरीब नवाज कॉलोनी में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई थी। जिससे क्षेत्र के रहवासियों को समस्या हो रही थी जिसके निराकरण हेतु अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह के निर्देशन एवं उपायुक्त संजेश गुप्ता एवं योगेंद्र पटेल के नियंत्रण में निगम अमले द्वारा तत्काल उक्त समस्या के समाधान के लिए रात्रि में ही अपने संसाधनों का उपयोग करते हुए जेसीबी मशीन के माध्यम से महाकाल लोक स्थित त्रिनेत्र कंट्रोल रूम के सामने बने चेंबर की सफाई करना प्रारंभ किया गया जो कि शनिवार दोपहर 3 बजे तक सतत रूप से जारी रहा। जिसमें परिणाम स्वरूप बेगम बाग एवं गरीब नवाज कॉलोनी में जल भराव की समस्या का समाधान हो पाया। शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा चेंबर की सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारी एवं सफाई मित्रों का मनोबल बढ़ाया कि किस प्रकार आप सभी के द्वारा रात भर कार्य करते हुए जल भराव की समस्या का समाधान किया गया। सफाई कार्य में नगर निगम उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल एवं संजेश गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**आफत की बारिश** — महाकाल लोक पानी-पानी, घंटों भरा रहा पानी, श्रद्धालु परेशान हो रहे

# उज्जैन में बारिश का पानी महाकाल मंदिर के नंदी द्वार तक पहुंचा


**नवभारत न्यूज**

उज्जैन। बारिश का असर महाकाल मंदिर क्षेत्र में भी पड़ा है। यहां महाकाल लोक के नंदी द्वार तक पानी पहुंच गया। महाकाल लोक का पूरा क्षेत्र बारिश के दौरान पानी-पानी हो गया। पानी भरने की वजह से श्रद्धालु परेशान होते रहे।

शनिवार सुबह से ही शहर में बारिश का दौर जारी रहा। तेज बारिश होने के बाद करीब दो घंटे लगातार पानी गिरा इससे शहर के कई क्षेत्र जलमग्न हो गए थे। इससे महाकाल मंदिर क्षेत्र भी नहीं बच पाया यहां भी बारिश का पानी महाकाल लोक में भर गया। बताया जाता है कि इसके पास ही का नाला जाम होने से यह स्थिति बनी। जिससे महाकाल लोक के प्रवेश द्वार पर नंदी द्वार के सामने गंदे पानी का भराव रहा। श्रद्धालुओं को मजबूरी में इसी गंदे पानी से होकर आना-जाना करना पड़ा। नगर निगम की टीम को पानी निकालने में घंटों लग गए।

### मंदिर की व्यवस्थाओं से प्रसन्न होकर भेंट किए 1 लाख 11 हजार

उज्जैन। महाकाल दर्शन करने आए श्रद्धालु अमर सिंह बैस ने मंदिर की व्यवस्थाओं से प्रसन्न होकर समिति के कोष कार्यालय में पहुंचकर पंडित सुधीर चतुर्वेदी से भेंट कर उन्हें 1 लाख 11 हजार रुपए दान स्वरूप सोपे। श्रद्धालु बैस ने मंदिर के साथ ही महाकाल लोक का भी भ्रमण किया और मंदिर के विभिन्न प्रकल्पों के बारे में जानकारी ली। मंदिर समिति के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरके तिवारी ने उनका सम्मान किया।



### संतश्री नर्मदानाथजी महाराज की महंताई हुई

उज्जैन। बागपुरा स्थित संत बालीनाथ धाम पर नाथ संप्रदाय के प्रतिष्ठित संत श्री नर्मदानाथजी महाराज की महंताई हुई। श्री श्री 1008 पीर योगी श्री रामनाथ जी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित इस धार्मिक समारोह में बड़ी संख्या में साधु-संतों ने भाग लिया। महर्षि बालीनाथ धाम में आयोजित कार्यक्रम में ऋण मुक्तेश्वर महादेव के महंत योगी महावीर नाथजी महाराज, डॉ. श्री रामेश्वर दास महाराज और सुंदराई नाथ महाराज सहित अनेक साधु संत उपस्थित रहे। इस पावन अवसर पर बटुकों ने मंत्रों का उच्चारण किया, जिससे नाथ संप्रदाय की चादर विधि का आयोजन संपन्न हुआ। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करने का माध्यम बना, बल्कि समुदाय के सदस्यों के बीच एकता और भाईचारे को भी प्रोत्साहित किया। विद्या परिषद के गौरव बैंडवाल ने इस समारोह की शोभा बढ़ाई।

### शपथ ग्रहण संपन्न

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन फ्रेंड्स के अध्यक्ष लायन विनोद लुल्ला, सचिव लायन राजकुमार सोनी, कोषाध्यक्ष लायन प्रवीण कस्बे एवं नई कार्यकारिणी को कोटा से पधारे शपथ अधिकारी वीडीजी 2 लायन सी.पी विजयवर्गीय ने शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम.जे.एफ लायन प्रवीण वशिष्ट ने लायंस इंटरनेशनल के बारे में जानकारी तथा सेवा के क्षेत्र में कार्य करने कि प्रेरणा दी। विशेष अतिथि वीडीजी 2 एम.जे.एफ लायन पंकज मारू ने मिशन अभिमन्यु के बारे में बताया। वीडीजी 1 एम.जे.एफ लायन महेश मालवीय द्वारा नए सदस्यों को शपथ दिलाई। कैबिनेट सेक्रेटरी लायन सुशील पोरवाल, लायंस ऑफ़ उज्जैन के लायन खंडेलवालजी, डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला लायन रेणु वशिष्ठ, रीजन चेयरपर्सन लायन प्रदीप यादव विशेष रूप से मौजूद थे। जोन चेयरपर्सन लायन संजय शाह ने अपना उद्बोधन देकर क्लब सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आभार योगेश बजाज ने किया। मोनू रोमेश शर्मा, नंद किशोर मजावदिया ने क्लब की नवीन सदस्या ली।